## NEWS इन ब्रीफ

### हथियार के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



रांची। रांची की सदर थाना पुलिस ने कोकर बाजार के समीप एक घर में छापेमारी कर देशी कट्टा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम अमन कुमार राम है। मामले में हथियार के बारे में आरोपित से पूछताछ की जा रही है। सदर थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने शनिवार को बताया कि सिमडेगा जिले के कोलेबिरा थाना पुलिस सदर थाना पहुंची और 17 सीएलए एक्ट के एक मामले को लेकर कोकर बाजार स्थित अम्बर राम नामक व्यक्ति के घर की तलाशी ली। घर में छापेमारी करने पर उसके बड़े भाई अमन कुमार राम को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। अम्बर राम की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। वह फरार है। हथियार बरामदगी के मामले में सदर थाने में अलग से एफआईआर दर्ज की गई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### खूंटी में फिर मिला कोरोना संक्रमित एक मरीज, मचा हड़कंप

**खूंटी।** खूंटी जिले में शनिवार को फिर एक कोरोना संक्रमित मरीज मिला है। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। एक सप्ताह पहले भी खूंटी में कोरोना का एक मरीज मिला था। अब जिले में कोरोना के दो सक्रिय मरीज हो गए हैं। सदर अस्पताल द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार शनिवार को सात लोगों का रैपिड एंटीजन किट से कोरोना की जांच की गई। इनमें से एक कोरोना पॉजिटिव मिला। जांच रिपोर्ट के बाद कोरोना पॉजिटिव मरीज को समुचित दवा व आवश्यक दिशा-निर्देश देकर घर में ही आइसोलेट कर दिया गया है।

### विधायक ने घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था कराई

**सोनाहातू।** तेतला गांव में वज्रपात से एक व्यक्ति की मौत और चार लोगों के घायल होने की सूचना मिलते ही विधायक सुदेश महतो पीड़ितों से बात की। उन्होंने बेहतर इलाज कराने का आश्वासन दिया। विधायक ने तीन लोगों को रिम्स में इलाज के लिए प्रतिनिधि भेजकर हरसंभव मदद का भरोसा दिया। मृतक राजेंद्र के प्रति शोक जताते हुए प्रशासन से तत्काल मुआवजा देने की बात कही।

### तीन वाहनों के बीच टक्कर, होटल व्यवसायी की मौत

**तमाड़।** रांची-टाटा मार्ग पर सालगाडीह के पास तीन वाहनों के आपस में टकराने से एक होटल व्यवसायी की मौत हो गई। वहीं तीन लोग घायल हो गए हैं। सभी रांची के निवासी बताए जाते हैं। घटना शुक्रवार की रात डेढ़ बजे की है। बताया जाता है कि एक ट्रक से क्रेटा कार और कार से दूसरी कार टकरा गई। इस हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सभी को घटनास्थल से इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया, जहां इलाज के दौरान रणधीर कुमार ने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि मृतक रणधीर कुमार होटल व्यवसायी थे उनकी स्नैक्स एंड जूस की रांची में दुकान थी।

### नगड़ी में मंदिर की वर्षगांठ पर कलश यात्रा निकाली

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के कैलंडे गांव स्थित शिव और बजरंगबली मंदिर की सातवीं वर्षगांठ की शुरूआत कलश यात्रा से की गई। कलश यात्रा में केलंडे, पिस्का, कुलगू और मुंडाटोली सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों महिला-पुरुष और छोटी बच्चियां शामिल हुईं। कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर छह किमी दूर स्वर्णरेखा नदी की उद्गमस्थली रानीचुआं पहुंची। वहां कलश में जल भरकर मंदिर आकर भगवान शिव और बजरंग बली की प्रतिमा पर जलाभिषेक किया।

# पृथ्वी दिवस पर डीसी-एसपी ने बोरी बांध कर निर्माण में किया श्रमदान



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

विश्व पृथ्वी दिवस पर सुदूरवर्ती मुरहू और अड़की की सीमा पर शनिवार को जिले में सबसे ज्यादा 300 फीट लंबा बोरीबांध बनाकर जल संचयन और नदी संरक्षण का काम किया गया। इसमें उपायुक्त शशि रंजन, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह और अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान ने श्रमदान किया। ईचाडीह और कोचाडीह टोलों के 100 से ज्यादा महिला-पुरुषों के साथ उपायुक्त ने बालू भरी बोरियां उठाकर बोरी बांध बनाने में मदद की और ग्रामीणों को इस कार्य के लिए साधुवाद दिया। मौके पर उपायुक्त ने ग्रामीणों को विश्व पृथ्वी दिवस का महत्व बताया और कहा कि आज के दिन जल संचयन और नदी के संरक्षण में किया गया यह कार्य काफी सराहनीय है। उपायुक्त ने कहा कि यह बोरीबांध नहीं सामुदायिक शक्ति का प्रदर्शन है। उन्होंने कहा कि अगर गांव के लोग सामुदायिक शक्ति के बल पर इतनी बड़ी नदी का पानी रोक सकते हैं, तो समाज और गांव को भी बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य में जिला प्रशासन ग्रामीणों की भरपूर मदद करने को तैयार है। उपायुक्त ने कहा कि जिले के इस सबसे लंबे बोरीबांध का कैचमेंट एरिया काफी बड़ा है। इस गर्मी में दो-तीन टोलों के लोगों को पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। यहां पूर्व में भी ग्रामीणों ने तीन बोरीबांध का निर्माण किया था। गांव के चंदा पाहन ने बताया कि इन चार बोरीबांध की बदौलत गांव में 25 एकड़ खेत में सब्जी की खेती होती है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से बन रहे बोरीबांध के कारण गांव के लोगों की आय में वृद्धि हुई है। गांव के कुओं का पानी दो से तीन फीट ऊपर आया है।

# नहीं रहे बिहार के लोकप्रिय पत्रकार सुनील सौरभ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/पटना।**

बिहार के पटना जिले के बख्तियारपुर प्रखंड अंतर्गत करनौती गांव निवासी बिहार के जाने-माने पत्रकार सुनील सौरभ का शनिवार को अहले सुबह निधन हो गया। वह गत दो सप्ताह से पारस अस्पताल, पटना में इलाजरत थे। पेट व किडनी की समस्या से पीड़ित थे। चिकित्सकों ने मल्टी ऑर्गन फैल्योयर का मामला बताया था। गौरतलब है कि श्री सौरभ विगत चार दशक से बिहार के पटना और मगध प्रमंडल में पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय थे। उन्होंने हिंदुस्तान (हिन्दी दैनिक), राष्ट्रीय सहारा, चौथी दुनिया सहित कई समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में अपनी सेवाएं दी। बीमार होने से पूर्व तक वे संवाद पत्रिका का प्रकाशन कर रहे थे । उन्होंने कई पुस्तकें भी लिखी हैं। पत्रकारिता और साहित्य जगत में उल्लेखनीय योगदान के लिए देश की कई नामी-गिरामी संस्थाओं द्वारा उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। स्व.सौरभ के असामयिक निधन से विभिन्न दलों के राजनेता, पत्रकार, रिश्तेदार, परिजनों व शुभचिंतकों में शोक की लहर व्याप्त है। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### पत्रकार के निधन पर सुबोधकांत ने शोक जताया



**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुबोधकांत सहाय ने बिहार के जाने-माने पत्रकार सुनील सौरभ के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपनी शोक संवेदना में कहा है कि पत्रकारिता जगत में स्व.सौरभ का उत्कृष्ट योगदान भुलाया नहीं जा सकता है। विगत चार दशकों से पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने जो उपलब्धियां हासिल की, वह मील का पत्थर के रूप में स्थापित है। उनका निधन पत्रकारिता जगत और सामाजिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है।

श्री सहाय ने दिवंगत की आत्मा की शांति एवं उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

विदित हो कि स्व.सौरभ रांची के वरिष्ठ पत्रकार नवल किशोर सिंह के सगे छोटे भाई थे।

# धूमधाम से मनी भगवान परशुराम की जयंती



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सामाजिक संस्था मारवाड़ी ब्राह्मण सभा ने शनिवार को भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनायी। परशुराम जयंती के अवसर पर सुबह नौ बजे अपर बाजार स्थित सालासर मंदिर प्रांगण में मुख्य पुरोहित श्याम सुंदर भारद्वाज ने हवन पूजन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद दोपहर में विशाल शोभायात्रा 251 निशान ध्वजा के साथ भजन मंडली, अनुपम झांकी, ढोल नगारा, बैंड बाजा संग नगर भ्रमण ब्राह्मण भवन से निकली। शोभायात्रा कार्ट सराय रोड, ईस्ट मार्केट रोड, मारवाड़ी टोला, गांधी चौक, शहीद चौक, जैन मंदिर रोड, बडालाल स्ट्रीट, सेवा सदन पथ होते हुए ब्राह्मण भवन पहुंची। जहां महाआरती के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा के लिए विभिन्न चौक चौराहे पर स्वागत शिविर लगाया गया था। मौके पर संस्था के अध्यक्ष रमेशचंद शर्मा और मंत्री किशनलाल शर्मा ने बताया कि परशुराम जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में शोभायात्रा के समापन और आरती के बाद प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। 16 अप्रैल पांच वर्ष से लेकर 18 वर्ष के बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था।

### संतपुर पंचायत के फुलवार आमबगान में बुद्धिजीवी मंच की बैठक संपन्न

# ग्रामीणों को अधिकार दिलाना हमारी प्राथमिकता : विजय चन्द्र



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

बसंतपुर पंचायत अंतर्गत फुलवार आमबगान में बुद्धिजीवी मंच की बैठक घनश्याम महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन योगेश्वर महतो ने किया। मुख्य अतिथि डॉक्टर मुकुंद चंद्र मेहता (रजिस्ट्रार रांची विश्वविद्यालय) ने कहा कि आज हम लोगों को गर्व है कि सुदेश बाबू जैसा विधायक पूरे झारखंड में नहीं है। झारखंड के सभी जिलों में हमारे विधायक का नीति एवं संगठन की चर्चा। विशिष्ट अतिथि विजय चंद्र महतो (प्रखंड अध्यक्ष सिल्ली विधानसभा बुद्धिजीवी मंच) ने कहा कि हम सभी बुद्धिजीवियों को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है उनके सुख दुख में शामिल होना है। हमें यह भी ध्यान रखना है कि किनको वृद्धा पेंशन मिलता है और किनको नहीं मिलता है। हमें सबों का अधिकार दिलवाना है तथा हमारे पंचायत के प्रत्येक गांव की समस्याएं को बुद्धिजीवी मंच के पास रखना और समाधान करना हमारा दायित्व है। बुद्धिजीवी मंच के धीरेंद्र नाथ महतो, लंबोदर महतो, सत्येंद्र प्रसाद सिंह की उपस्थिति में ग्राम प्रभारियों एवं पंचायत कमेटी का गठन किया गया। ग्राम प्रभारी के लिए पांचू से डोमन लोहरा तथा राजेंद्र महतो, रंगा माटी से प्रताप चंद्र महतो, हरिहर महतो। बदालू से भरत महतो, घनश्याम महतो। पोगडा से योगेश्वर महतो, श्री राम महतो। बसंतपुर से पितांबर महतो, बूंदी यारू से योगेंद्र अहीर, किरण हजाम। निचितपुर से बनवारी सिंह मुंडा। पंचायत प्रभारी योगेश्वर महतो तथा पंचायत अध्यक्ष मोहन प्रमाणिक। पंचायत कमेटी में अध्यक्ष प्रोफेसर दीनबंधु महतो, कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम महतो, उपाध्यक्ष सीताराम दास, योगेंद्र नाथ अहीर सचिव अनूप कुमार साहू, सह सचिव वृकोदर महतो, कोषाध्यक्ष अजीत हजाम तथा प्रवक्ता चरकू लोहरा को सर्व समिति से चुना गया।

### अफीम और डोडा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार



**रांची।** रांची की तुपुदाना ओपी पुलिस ने अफीम और डोडा (नशीला पदार्थ) के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के नाम राजेश नाग, एतवा मिर्धा और महबूब आलम है। राजेश नाग के पास से 492 ग्राम अफीम और एक स्कूटी, एतवा और महबूब के पास से 594.55 किलो डोडा, दो मोबाइल और एक वैन जब्त की गई है। हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अफीम और डोडा का कारोबार किया जा रहा है। सूचना के बाद छापेमारी कर दसमाइल चौक से अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद छापेमारी के क्रम में रिंग रोड से दो तस्करों को डोडा के साथ गिरफ्तार किया गया।

# किसान तरबूज से कमा रहे हैं लाखों रुपये



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह,**

गर्मी के इस मौसम में लाल-मीठे तरबूज लोगों के सिर्फ गले ही तर नहीं कर रहे हैं, अपितु किसान परिवार की किस्मत भी बदल रहे हैं। यहां गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखण्ड के किसान इन दिनों तरबूज की खेती कर लाखों कमा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत डुमरी प्रखण्ड के छछंदो, बेलाटाड़, अतकी, द्यावाटाड़ समेत कई पंचायतों के किसान तरबूज की खेती कर अच्छी खासी आमदनी कर रहे हैं। किसान चमेली देवी, मेघनी देवी, मोतीलाल हांसदा, राजकुमार हैब्रम सहित कई अन्य किसानों ने लगभग बीस एकड़ में इस वर्ष तरबूज की फसल लगाई थी। इन किसानों ने बैंक एवं संस्था जनजागरण द्वारा संचालित कार्यक्रम के तहत कृषक पाठशाला के माध्यम से प्रशिक्षण लेकर तरबूज, खीरा, टमाटर, हरी मिर्च की खेती करने का निर्णय लिया। मात्र 2 महीने के प्रयास के पश्चात सभी किसान अपने शुरूआती उत्पादन में 30 से 40 क्विंटल तरबूज की बिक्री कर 40,000 से 50,000 हजार रुपये कमाये हैं। किसानों ने कहा कि 20 से 25 क्विंटल तरबूज अभी भी खेतों में लगभग तैयार है। कुछ दिनों में अच्छे दर पर बेचने की उम्मीद है। किसानों ने कहा कि इस वर्ष 10 से 12 रुपये प्रति किलोग्राम थोक में तरबूज व्यापारी को बेच रहे हैं। जनजागरण संस्था के प्रमोद महतो ने कहा कि किसानों की आमदनी को देकर आसपास के भी किसान तरबूज की खेती को लेकर अत्यधिक उत्सुक हैं। उनका कहना है कि अगले वर्ष हमलोग भी प्रशिक्षण लेकर तरबूज, खीरा की खेती कर अपनी आमदनी बढ़ाएंगे।

# यहां कभी सुनाई देती थी गोलियों की आवाज, आज वहां गूंज रहे हैं वेद मंत्र



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

उग्रवाद प्रभावित रनिया थाना क्षेत्र का कोटांगेर गांव, जहां पांच-सात वर्ष पहले तक नक्सलियों की गोली की तड़तड़ाहट से पूरा इलाका दहलता था। पहाड़ों और हरे भरे जगलों के बीच इसी कोटांगेर गांव में आज वेद मंत्रोच्चार और घंट-शंख की ध्वनि और अखंड हरिकीर्तन की गूंज सुनकर एक सुखद अनुभूति होती है। इसी गांव में स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर का प्रथम स्थापना दिवस मनाया गया है। स्थापना दिवस कार्यक्रम शुक्रवार को कलश यात्रा और कई धार्मिक अनुष्ठान के साथ शुरू हुआ था, जिसका समापन शनिवार को हवन, महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ हो गया। 24 घंटे के अखंड हरिकीर्तन में 16 कीर्तन मंडलियों ने अपने न्त्य-संगीत के साथ हरिभजन कर लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। हालांकि शुक्रवार शाम से शुरू हुआ भंडारे का समापन रविवार सुबह होगा। इस बीच शनिवार रात को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। गांव के इस पंचमुखी मंदिर में भगवान राम के अनन्य भक्त वीर हनुमान की पूजा-अर्चना के लिए हर दिन सैकड़ों लोग पहुंचते हैं।

**सौहार्द** | सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाई गई ईद-उल-फितर

# लोगों ने मांगी अमन-चैन की दुआ



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

मुस्लिमों के सबसे प्रमुख त्योहार ईद उल फितर शनिवार को जिला मुख्यालय खूंटी सहित आसपास के क्षेत्रों में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कर्रा रोड स्थित शहर की प्रमुख जामा मस्जिद और जन्नत नगर स्थित मदीना मस्जिद में सुबह दो पालियों में, जबकि पाशा कॉलोनी की जोहरा मस्जिद में सुबह एक पाली में ईद की विशेष नमाज अदा की गई। ईद की विशेष नमाज के दौरान नमाजियों ने अल्लाह ताला से खूंटी सहित राज्य और देश में अमन-चैन एवं खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद सभी नमाजी महादेव मंडा के समीप स्थित कब्रिस्तान में जाकर अपने पुरखों की कब्र पर फातिहा पढ़ा। ईद के अवसर पर शहर की तीनों मस्जिदों सहित मुस्लिम बहुल मुहल्लों में रंग बिरंगे फूलझड़ियों के साथ ही सुंदर विद्युत सज्जा की गई थी। कई जगहों पर स्टॉल लगाकर लोगों को ईद की सेवाइयां खिलाई गई। त्योहार को लेकर मुस्लिम धर्मावलंबियों में काफी उत्साह का माहौल रहा। ईद की नमाज के दौरान जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद मोहिबुल्लाह ने अपने पैगाम में कहा कि ईद उल फितर त्योहार नहीं, मोहब्बत की मीनार है। खुदा ने अपने तमाम नेक बंदों को अपनी नेमतों से नवाजा है और जहां-जहां भी मुसलमान मिलते हैं, बड़े जोश खरोश के साथ ईद की मुबारकबाद देते हैं। ईद नफरतों को मिटाने और मोहब्बतों पर परवान चढ़ाने का नाम है। हमारा मुल्क गंगा जमुनी तहजीब का मुल्क है। सब की हिफाजत करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

### सरायकेला: टेम्पो पलटने से एक बच्ची की मौत, दो घायल

**सरायकेला।** सरायकेला-टाटा मार्ग पर गौरांगडीह के समीप शनिवार को टेम्पो पलटने से उसमें सवार दस वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि दो बच्चियां गंभीर रूप से घायल हैं। घायल बच्चियों का सरायकेला सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, आदित्यपुर निवासी टेम्पो चालक जर्मन गोडसोरा अपनी पत्नी, तीन पुत्री और पड़ोस की रहने वाली उसकी बेटी की सहेली को लेकर चाईबासा के गिधीबासा अपने ससुराल जा रहा था। इसी दौरान शनिवार शाम को अचानक आई तेज आंधी के कारण गौरांगड़ीह के समीप टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में उसकी दो बेटी 10 वर्षीय अंजु गोडसोरा और 12 वर्षीय अंजना गोडसोरा तथा पड़ोस की रहने वाली उसके बेटी की सहेली 12 वर्षीय नागी गागराई गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा सभी घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से सरायकेला सदर अस्पताल ले जाया गया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई ईद, गले मिलकर दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

शांति और भाईचारे का प्रतिक पर्व ईद शनिवार को शहर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईद की नमाज अदा करने के लिए ईदगाह और जामा मस्जिद सहित जिले के विभिन्न मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाया और ईद की मुबारकबाद दी। शहर के जामा मस्जिद में ईद उल फितर के मौके पर तकरीर पढ़ी गई। ईद के अवसर पर शहर के दुधानी ईदगाह, जामा मस्जिद, जरुवाडीह, खिजुरिया, लखीकुंडी, डंगालपाड़ा, कुम्हारपाड़ा, राखाबनी, मखदमू नगर मस्जिद, न्यू डंगालपाड़ा मस्जिद और आसपास की मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई।

# धनबाद : अक्षय तृतीया पर बाजार गुलजार, खरीदारी 135 करोड़ के पार

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** कोयलांचल धनबाद में अक्षय तृतीया पर बाजार गुलजार रहा। आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक्स, गुड्स से लेकर गाड़ियों के सेक्टर में धन की खूब बारिश हुई। परंपरा व मान्यता के अनुसार घर में समृद्धि की कामना को लेकर लोगों ने जमकर खरीदारी की। एक अनुमान के अनुसार इस वर्ष कोयलांचल में लगभग 135 करोड़ का व्यापार हुआ। धनबाद के हीरापुर, बैंकमोड़, झारिया, कतरास, निरसा, समेत लगभग 500 से अधिक आभूषण की बड़ी छोटी दुकान है. इस शुभ मौके पर सबसे ज्यादा गर्माहट आभूषण बाजार में दिखी. लंबे इंतजार के बाद ग्राहकों को खरीदारी करने का मौका मिला. ग्राहकों ने नए डिजान व लाइट वेट आभूषणों को खूब पसंद किया. दूसरी ओर इलेक्ट्रॉनिक बाजार में भी लोगों ने जमकर खरीदारी की. इसके अलावा दोपहिया, चार पहिया सहित रियल एस्टेट का बाजार भी उछाल पर रहा। अक्षय तृतीया के बहाने अलग अलग शोरूम में लगभग 160 वाहन फोर व्हीलर तथा 310 टू व्हीलर गाड़ियों की बिक्री हुई। मारुति के मटकुरिया शो रूम में 20 व कोलाकुसमा शोरूम में 14 गाड़ी की डिलीवरी दी गयी। हुंडई की 30 व निसान की 18 गाड़ियां बिकी। महिंद्रा की 6, किया कि 15 गाड़ियां व शेवरलेट व टाटा मोटर्स के साथ कई ब्रांड की गाड़ी की भी अच्छी बिक्री हुई. हीरो मोटोकॉर्प, होंडा, बजाज, महिंद्रा, सुजुकी की लगभग 310 गाड़ी की बिक्री हुई। तमाम शोरूम के मैनेजर से बात चीत के अनुसार इस अक्षय तृतीया पर अनुमानित 16 करोड़ का कारोबार हुआ।



## ईद की नमाज में उमड़ा अकीदतमदों का सैलाब

# हर भेदभाव भुला सभी ने कहा-ईद मुबारक



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो** क्या बड़ा, क्या छोटा, कौन हिन्दू, कौन, मुस्लिम और कौन सिक्ख, बोकारो में शनिवार को सबों ने मिलकर खुशियों का ईद उल फितर मनाया। जाति-धर्म, ऊंच-नीच का भेद और सारे गिले-शिकवे भुलाकर सबों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। सुबह से ही बोकारो, चास सहित आसपास के इलाके में स्थित मस्जिदों और ईदगाहों में सजे-धजे युवा, बुजुर्ग और बच्चों की भीड़ लगनी शुरू हो गयी। तमाम मस्जिदों में नमाजियों का सैलाब उमड़ पड़ा। पूरी अकीदत के साथ मस्जिदों और ईदगाहों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद की नमाज अदा की। इसके बाद एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। सेक्टर-4 स्थित जामा मस्जिद की रौनक तो देखते ही बन पड़ रही थी। हजारों की संख्या में लोगों ने यहां पहुंचकर ईद की नमाज अदा की। इधर, ईद के मौके पर लोगों ने अपने घरों में मीठी सेवईं और तरह-तरह के पकवानों का भी आनंद लिया। जबकि, बड़ों ने अपने छोटों को ईदी के तौर पर कोई तोहफा या कुछ रकम दिये। दूसरी तरफ शहर की सड़कों पर आंखों में सूरमा लगाये, रंग-बिरंगे कुर्ता-पायजामा और भांति-भांति के कपड़े पहने इत्र महकाते युवाओं की टोलियों की खास चहल-पहल बनी रही। बोकारो के सिटी सेन्टर, चास व अन्य बाजारों के होटलों, रेस्तरां, पार्क में दिनभर इनकी भीड़-भाड़ लगी रही। कुल मिलाकर एक माह के रमजान के बाद आज पूरे शहर में ईद उल फितर हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। चांद की दीदार और अलविदा जुम्मे की नमाज के बाद पहले से तय समय के अनुसार उकरीद, सिवनडीह, डुमरो, आजाद नगर, हैंसाबातू, मखदुमपुर, इस्लामपुर, मिल्लत नगर, सिजुआ, झोपरो, बालीडीह, भर्रा, अंसारी मुहल्ला, सुल्तान नगर, गौस नगर, चास, न्यू पिंड़रगोडिया, सोलागीडीह, करमागोड़ा, पिपराटांड़, महेशपुर, धनधरी, पंचौरा, रामडीह, वास्तेजी, आगरडीह, रजा नगर, मोहनडीह, जाला, घटियाली, सोनाबाद आदि मुस्लिम बहुल्य इलाकों में ईद की नमाज अदा की गई। छोटे-छोटे नन्हें रोजेदारों की नमाज की अदायगी खास व देखने लायक थी।

### धनबाद : निरसा व कलियासोल में ईद का उल्लास, लोगों ने ईदगाहों में पढ़ी नमाज

**निरसा (धनबाद)।** कलियासोल प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में 22 अप्रैल को ईद का त्योहार हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईदगाहों में ईद की नमाज अदा कर सुख-शांति व अमन-चैन की दुआ की। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस चौकस रही। सीओ दिवाकर दुबे व कालूबथान ओपी प्रभारी मुकेश कुमार राउत खुद सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रख रहे थे। क्षेत्र के उरमा, खाराडीह, हुसैन नगर, लेदाहेरिया, खोकरा पहाड़ी, दलदली, बांदराबाद, जयपुर, आसनलिया, कांजीडीह, चिरूडीह,भालबेड़, कुशिआरा, आम्बोना, जोल्हाडीह आदि गांवों के ईदगाहों में सुबह मुस्लिम धर्मावलंबी पहुंचे और नमाज अदा की. सभी ने एक-दूसरे से गले मिलकर त्योहार की बधाई दी।

### बेरमो : ईद पर गले मिले, दिल मिला और चला मिठी सेवइयों की दावतों का सिलसिला

**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल में शनिवार को हर्षोल्लास के साथ ईद-उल-फितर मनाई गई। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह, पूर्व सांसद रविन्द्र कुमार पांडेय, पूर्व विधायक माधव लाल सिंह सहित अन्य नेताओं ने भी इस त्योहार में शरीक होकर भाईचारे का संदेश दिया। बेरमो कोयलांचल के सभी मस्जिदों व ईदगाहों में ईद-उल-फितर की दो रकअत नमाज स्थानीय इमामों ने पढ़ाई। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाहों में ईद की नमाज के बाद मस्जिदों में सामूहिक रूप से अपने शहर व मुल्क की तरक्की के लिये दुआएं मांगी और लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दिया।

# मंत्री ने गले मिलकर दी ईद की बधाई

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने ईद के मौके पर इस्लाम धर्मावलंबियों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान शनिवार को मंत्री ठाकुर ने उचरी मस्जिद, ईदगाह, गढ़वा मदरसा आदि स्थानों पर पहुंच कर लोगों से गले मिले एवं उन्हें ईद की मुबारकबाद दी तत्पश्चात मंत्री ठाकुर गुरदी, बेलचंपा, प्रतापपुर, पतसा, संग्रह खुर्द, फरठिया, दरमी, गिदहा, चमरही, संग्रहे कला, पचफेड़ी, टिकुलडीहा, दलेली आदि गांवों में कई लोगों के घर जाकर भी ईद की मुबारकबाद देते हुए दावत में शामिल हुए। मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि ईद उल फितर इस्लाम धर्मावलंबियों का बहुत बड़ा त्यौहार है. यह त्यौहार आपसी भाईचारा एवं सद्भावना का प्रतीक है। इस दिन सभी लोग आपसी गिले-शिकवे भूलकर एक दूसरे को गले लगाकर प्रेम का संदेश देते हैं। मंत्री ने कहा कि ईद रमजान के महीने के पूरा होने पर मनाया जाता है। ईद उल फितर के साथ ही रोजे खत्म हो जाते हैं। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार, रमजान के बाद शव्वाल की पहली तारीख को ईद-उल-फितर मनाई जाती है।



### जेवर दुकान में लगी आग, कई सामान जलकर राख

**लातेहार।** प्रखंड मुख्यालय के बाजार रोड में शिव अलंकार (शिबू सोनी) नामक ज्वेलर्स की दुकान में शनिवार की अहले सुबह तकरीबन तीन बजे आग लग गई। आग लगने की खबर पड़ोसियों ने दुकान के मालिक संतोष सोनी को मोबाइल पर दी। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। दुकान के मालिक ने बताया कि वे रोजाना की तरह शाम में दुकान बंद करके घर चले गए थे। आग लगने से दुकान में रखी बैटरी, इन्वर्टर, आभूषण बनाने के औजार व फर्नीचर जलकर नष्ट हो गये। उनका खपड़ैल मकान भी जल गया। जानकारी मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर बाइक सवार युवक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** जिले के घोड़थंभा-बरजो मुख्य मार्ग पर लतबेद गांव में 22 अप्रैल को ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर में एक मोटरसाइकिल सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। कुर्बान मियां का पुत्र सुभान अंसारी (18) अपने अपाचे बाइक जेएच 11एजे 4438 से शहाबुद्दीन अंसारी (24) को पीछे बैठाकर ईद की खरीदारी करने घोरथंभा गया था। खरीदारी कर लौटते समय गिट्टी लदे ट्रैक्टर से बाइक की टक्कर हो गई। जिससे सुभान अंसारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और शहाबुद्दीन अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए. परिजन उसे इलाज कराने तत्काल रांची के लिए रवाना हो गए। बेटे की मौत से आक्रोशित मृतक के परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर घोड़थंभा-बरजो सड़क मार्ग जाम कर हंगामा किया। सूचना पाकर घोडथंबा ओपी प्रभारी प्रेम कुमार, जेएमएम नेता सफीक अंसारी, स्थानीय मुखिया गौतम कुमार समेत अन्य लोग घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों को मुआवजा दिलवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजनों ने सड़क जाम करना बंद कर दिया। घोडथंबा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### फरार जेजेएमपी नक्सली सुरेंद्र राम गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** जेजेएमपी नक्सली संगठन के सक्रिय सदस्य सुरेंद्र राम उर्फ सुमंत मोची को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शनिवार को पलामू पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सुरेंद्र राम मनिका इलाके में आया हुआ है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय को कार्रवाई का निर्देश दिया गया। थानेदार प्रभात रंजन के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने छापेमारी कर सुरेंद्र राम को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। सुरेंद्र राम उर्फ सुमंत मोची उर्फ सुमंत कुमार रवि लातेहार के मनिका थाना क्षेत्र के मनधनिया का रहने वाला है। वह पलामू और लातेहार में कई नक्सल घटनाओं का आरोपी रहा है। उस पर रामगढ़, मनिका और लातेहार में कई एफआईआर दर्ज हैं।

### हथियार के साथ तीन बदमाश गिरफ्तार

**चतरा।** चतरा जिले की पिपरवार थाना पुलिस ने हथियार के साथ तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने एक नाइन एमएम का पिस्टल, चार गोली, दो मोबाइल फोन और दो बाइक बरामद किया है। एसडीपीओ टंडवा शंभू कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पतरातु से पिपरवार की ओर बाइक से बदमाश हथियार के साथ जा रहे हैं। सूचना के बाद टीम का गठन कर होसिर बस्ती जंगल के पास वाहनों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो लोगों को रुकने का इशारा गया। पुलिस टीम को देखकर दोनों भागने लगे। इसके बाद टीम ने पीछा करके दोनों पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान दोनों की निशानदेही पर एक अन्य बदमाश को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार बदमाशों के नाम अविनाश कुमार, रितिक कुमार और प्रेम कुमार सिंह है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। तीनों चोरी और छिनतई केस में पहले भी जेल जा चुके हैं।

### युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**हजारीबाग।** कुमारधुबी थाना क्षेत्र के मैथन रोड झिलिया पुल के पास रहने वाले युवक गणेश सिंह (30) ने 22 अप्रैल की दोपहर अपने कमरे में पंखे से झूलकर आत्महत्या कर ली। देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर पड़ोसियों ने खटखटाया, लेकिन अंदर से दरवाजा अंदर से बंद था। धक्का देकर दरवाजा खोला गया, तो कमरे में गणेश को फंदे से झूलता देख लोगों के होश उड़ गए। आनन-फानन में उसे फंदे से उतार कर स्थानीय निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, पत्नी से विवाद के कारण गणेश लंबे समय से तनाव में रह रहा था। कोर्ट में केस भी चल रहा था। विवाद बढ़ने के बाद से पत्नी मायके में रह रही थी। एक माह पहले पत्नी कुमारधुबी आई थी और अपनी 8 साल की बच्ची को भी साथ लेकर मायके चली गई। परिजनों ने बताया कि पत्नी दूसरी शादी करने की बात कही थी, इसके बाद गणेश और तनाव में आ गया। गणेश की शादी दस साल पहले जमुई में हुई थी।

### देवघर में चौकीदार की गोली मारकर हत्या

**देवघर।** देवघर के जसीडीह थाना क्षेत्र में डढ़वा नदी के बालू घाट पर एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान 52 वर्षीय चौकीदार सिंघेश्वर मिर्धा के रूप में की गई है। मृतक के सिर पर गोली लगी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह जसीडीह थाना क्षेत्र में डढ़वा नदी के बालू घाट से एक व्यक्ति का शव मिला। शव की हालत को देखने से लगता है कि उसकी हत्या की गई है। आसपास सूखा खून पड़ा था तथा उसके सिर में गोली लगी है। सुबह लोग शौच करने आए तो शव को देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त की। इससे उसकी पहचान जसीडीह थाना में कार्यरत चौकीदार सिंघेश्वर मिर्धा के रूप में हुई। मिर्धा को बालू घाट से अवैध बालू उठाव की रोकथाम के लिए प्रतिनियुक्त किया गया था। पुलिस ने घटनास्थल के पास से एक खोखा बरामद किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चौपारण में 290 किलो डोडा लदा ट्रक जब्त

**चौपारण।** चौपारण में शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में 290 किलो डोडा लदा ट्रक जब्त किया गया। हालांकि उसका चालक फरार हो गया। इस संबंध में चौपारण थाना प्रभारी शंभू नंद ईश्वर ने बताया कि करीब 04.00 बजे सुबह गुप्त सूचना मिली कि ग्राम बहेरा स्थित जीटी रोड के किनारे सीटीसी राजस्थान होटल के पास एक कंटेनर एमएच 04 एफपी-3444 में अवैध रूप से डोडा लोड किया जा रहा है। इस सूचना से वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए सूचना का सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए उस होटल के पास समय 04:20 बजे पुलिस पहुंची। पुलिस वाहन को देखते ही अचानक एक कंटेनर तेज गति से वहां से भागने लगा। सशस्त्र बल के साथ उस गाड़ी का पीछा किया गया। पुलिस बल को पीछा करते हुए देखकर सरदारपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास चालक कंटेनर को रोड पर खड़ा कर फरार हो गया। इस संबंध में चौपारण थाने में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### हत्या में रेकी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना की पुलिस ने जमीन कारोबारी राजकुमार साव की हत्या में रेकी करने वाले चंदन और कुंदन को गिरफ्तार कर लिया है। जमीन लिया है उसकी नापी कराना है, अपराधियों ने यही कह कर बुलाया और गोली चला दी। धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के बाजार समिति के पीछे पांडेय बरवा जाहेर स्थान के पास 12 अप्रैल को सुनियोजित तरीके से राजकुमार साव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। 22 अप्रैल शनिवार को मुख्यालय डीएसपी वन अमर कुमार पांडेय ने प्रेस वार्ता में गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए बताया कि राजकुमार साव की हत्या का षड्यंत्र बोकारो में रचा गया था। टाटा सिजुआ निवासी चंदन महतो, बांस जोड़ा सेन्द्रा निवासी कुंदन पासवान ने हत्या में बाइक और मोबाइल सीम मुहैया कराने के साथ राजकुमार साव की रेकी भी की थी।

**आयोजन** — नेचर फाउंडेशन की मासिक पत्रिका युगांतर प्रकृति का विमोचन, प्रशासनिक स्तर पर भी काम करने की बेहद जरूरत है

# अब नदियों का गला घोंटना बंद हो : सरयू राय




**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** आईएसएम, धनबाद, युगान्तर भारती, लाइफ और नेचर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन आईएसएम धनबाद परिसर स्थित पेनमैन सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जमशेदपुर पूर्वी झारखंड विधानसभा के सदस्य सरयू राय थे। सेमिनार का विषय इन्वेस्ट इन आवर प्लेनेट थ्रू सब्सटेनेबल लिविंग प्रैक्टिसेज था। अपने अध्यक्षीय संबोधन में सरयू राय ने कहा कि औद्योगिक क्रांति के समय से ही मानव और प्रकृति का संघर्ष आरम्भ हो गया है। प्रकृति ने जो तत्व, खनिज हमें उपलब्ध कराए, उस तत्व एवं अन्य यौगिकों के माध्यम से नए तत्व और औजार का आविष्कार मेधावी मस्तिष्क के धनी व्यक्तियों ने किया है। अब मनुष्य उसी तत्व और औजार का दुरुपयोग कर प्रकृति को और पृथ्वी को नुकसान पहुंचा रहा है। औद्योगिक क्रांति के भुक्तभोगी, पीड़ित के रूप में अमेरिका और इंग्लैंड का नाम शिखर पर लिया जाता है। 1960 से 72 के बीच अमेरिका के आर्थिक, प्राकृतिक मुद्दों पर विचार करने वाले प्रबुद्धजनों को लगा कि विकास की धारा नई समस्या को जन्म दे रही है और यह समस्या वहाँ के लोगों और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। तब अमेरिका के एक सीनेटर ने तय किया कि पर्यावरण के प्रति लोगों में समझ पैदा करने, उसका संरक्षण करने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए वैश्विक स्तर पर एक नियत तिथि और उचित प्लेटफॉर्म की आवश्यकता है। इसके लिए 22 अप्रैल 1970 का दिन तय किया गया। तब से लेकर आज तक पूरी दुनिया मे 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। प्राकृतिक संसाधनों का अनियमित और अनियंत्रित दोहन कई सारे प्राकृतिक आपदाओं को जन्म दे रही है। 1972 के बाद ही अनेक एक्ट, कानून बने, 1974 में जल नीति बनी। इससे पूर्व पर्यावरण संरक्षण के बारे में कोई मैकेनिज्म नहीं था। आज सरकार नाम की जो इकाई है, उसके जो प्रशासनिक पदों पर मेधावी मस्तिष्क के लोग विराजमान हैं, वे मान लेते हैं कि उनका अलग इनिटेटि है और आम आदमी का अलग है। अगर उनके भीतर थोड़ा सा भी भाव जग जाय कि हम अलग इनिटेटि में नहीं हैं, बल्कि इसी समाज का एक अभिन्न अंग है, तभी हम प्रकृति और अपने अस्तित्व की रक्षा करने में सफल होंगे। औद्योगिक और नगरीय प्रदूषण के द्वारा नदियों का गला घोंटा जा रहा है। कार्यक्रम में नेचर फाउंडेशन संस्था द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका युगान्तर प्रकृति का विमोचन मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य गणमान्य प्रबुद्धजनों के द्वारा किया गया। सेमिनार के विशिष्ट अतिथि और श्री माता वैष्णो देवी, विश्वविद्यालय, कटरा जम्मू के कुलपति, पद्मश्री आरके सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि नदियों के प्रवाह में बदलाव का होना जैव विविधता का एक प्रमुख लक्षण है। एक वैज्ञानिक अनुसंधान में यह बात साबित हुई है कि सुंदरवन डेल्टा के मैंग्रोव पौधे पीपल के वृक्ष के अपेक्षा अधिक मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करते है। आईएसएम, धनबाद के निदेशक राजीव शेखर ने वर्चुअल संबोधन में कहा कि विकास और प्रकृति के बीच में संतुलन बनाने की आवश्यकता है। धनबाद जिला के मास्टर प्लान (2020-30) पर प्रोफेसर वीकेजी विल्लुरी, प्रोफेसर एस आर समादर, प्रोफेसर श्रीनिवास पी., प्रोफेसर एके प्रसाद, प्रोफेसर एसके पाल, प्रोफेसर डी कुमार और प्रोफेसर एस आलम ने अपनी प्रस्तुति दी। ग्रीन टेक्नोलॉजी : इनोवेशन इन सस्टेनिबिलिटी विषय पर सिम्फर धनबाद की वरिष्ठ मुख्य वैज्ञानिक, डॉ (श्रीमती) वी. अंगुसेल्वी ने अपना व्याख्यान दिया। स्मॉल रिवर्स एंड किडनीज ऑफ ट्रासबाउंड्री बेसिन्स पर आईएसएम धनबाद के ईएसई विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अंशुमाली ने अपने विचार रखे। कोयलांचल में दामोदर बचाओ आंदोलन के समन्वयक अरुण कुमार राय ने 'दामोदर बचाओ आंदोलन का कोयलांचल में मूल्यांकन' विषय पर अपने अनुभव साझा किए। धन्यवाद ज्ञापन युगान्तर भारती के सचिव आशीष शीतल मुंडा ने किया। सेमिनार में मुख्य रूप से अरुण कुमार राय, धर्मेंद्र तिवारी, डॉ गोपाल शर्मा, उदय सिंह, प्रो. अंशुमाली, अंशुल शरण, सुरेंद्र सिंह, श्रवण सिंह, अभय सिंह एवम आईएसएम, धनबाद के फैकल्टी, प्रोफेसरगण, विद्यार्थीगण सहित युगान्तर भारती और दामोदर बचाओ आंदोलन के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## ग्रिजली पब्लिक स्कूल में 'पृथ्वी दिवस' पर छात्रों को किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**
कोडरमा के ग्रिजली पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस के मौके पर भाषण प्रतियोगिता करायी गई. जिसमे बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया. साथ ही पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया. छात्रा साम्या प्रवीण, मीनल महतो व अनन्या ने पृथ्वी दिवस के महत्व को बताया. वहीं विद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष काशीनाथ कुमार व प्राचार्या नीरजा ने बच्चों को पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर जागरुक किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण स्वच्छ है तो हमारा जीवन भी स्वच्छ है। कार्यक्रम में संयोजक सकिंदर कुमार, संयोजिका अनीता कुमारी, अर्चना चंदन, पूजा झा, मारिया मंडल शिक्षिका श्वेता अग्रवाल, रश्मि सूद, संजू कुमारी, सोनी गुप्ता, सदफ नाज, गुरजीत कौर, दिशा सोनी, नेहा कुमारी, संगीता कुमारी, मनीषा कुमारी, दिव्याली कुमारी, नेहालाल, प्रियम, बीषा, ईशिका, श्रुति, पूनम तेजपाल, सोनाली कुमारी, अमिषा कुमारी, सीमा पंडित, सुनीता कुमारी, सुप्रिया कुमारी, अंजली सलूजा, नेहा गुप्ता, रितिका पाण्डेय, अंजली कुमारी, डिम्पल, साक्षी, रितिका जैन, रिद्धिमा, रिंकी, ज्योती, शालिनी, मनीमाला दत्ता, साक्षी सावंत, प्रतिमा शर्मा, दीपिका, सूरज कुमार, मुकेश कुमार, प्रतीक जैन, अनिल कुमार यादव, रजनीश कुमार, संजय कुमार व सतबीर की भूमिका सराहनीय रही।

## प्रमुख ने विकास कार्यों का किया शिलान्यास




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड अंतर्गत सलैया पंचायत में चोरदाहा नदी के पास श्मशान घाट के बगल में कलभट्ट का शिलान्यास प्रमुख रेणु देवी ने नारियल फोड़ कर किया। विदित हो कि कल भट्ट का निर्माण दो लाख उन्नचास हजार आठ सौ ? प्रकलित राशि से की जाएगी। मौके पर प्रमुख ने कहा कि कलभट्ट के निर्माण होने से श्मशान घाट आने जाने और छठ पर्व मनाने में सुविधा होगी।कहा कि प्रखंड क्षेत्र का विकास करना हमारी प्राथमिकता में शामिल है। मौके पर ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, प्रमुख प्रतिनिधि उमेश प्रसाद चौधरी, सवेदक हीरालाल प्रसाद, सूरज देव मंडल उर्फ टिंकू, नारायण प्रसाद ,बुलाकी प्रसाद ,महेश प्रसाद, राजदेव प्रसाद,बबलू कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### ईदगाह में अता की गई ईद की नमाज, लच्छे व सेवइयों के साथ मेहमानों का हुआ स्वागत

# गले मिलकर एक-दूसरे को दी मुबारकबाद



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
प्रखंड सहित विभिन्न पंचायतों में हर्षोल्लास ईद संपन्न हुआ ।कोनरा ईदगाह, रसोईया धमना, मलकोको, बिजैया, गौरिया करमा आदि सहित विभिन्न पंचायतों में पूरे अकीदत के साथ ईद का नमाज पढ़ा गया ।लोगो ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाई दिया । रसोईया धमना, रानीचुआ, कोयली, बेंदगी, भंडारों, दुलमहा आदि स्थानों पर ईद की नमाज अदा की गई ।जिसमे भारी संख्या में नमाजी शामिल हुए ।दिन भर लच्छे सेवइयो के साथ मेहमानो का स्वागत किया गया। अलर्ट रहा बरही का पुलिस प्रशासन : प्रखंड में ईद शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए पुलिस और प्रशासन के लोगों की सक्रिय देखें । सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो और इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमारी के निर्देशन में पुलिस प्रशासन द्वारा विभिन्न स्थानों पर नियुक्त दंडाधिकार्यो ने बखूबी अपना फर्ज निभाया । पुलिस की गशितयाँ जारी रही । नमाज के दौरान पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों ने जमात और नमाज पर विशेष सुरक्षा का इंतजाम किया गया था । कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी डॉ निजामुद्दीन अंसारी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मो इकबाल रजा, अल्पसंख्यक समाज कल्याण मोर्चा के विस अध्यक्ष मो कयूम अंसारी, वरिष्ठ समाजसेवी मो तौकीर अंसारी, मुखिया मो शमशेर आलम आदि सहित कई लोगो ने पवित्र माह रमजान की शांतिपूर्ण समाप्ति पर सबों को मुबारकबाद दिया।

## रामगढ़ : नमाज अदा कर खुशहाली की कामना की



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
जिलाभर में 22 अप्रैल को मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अकीदत के साथ ईद-उल फि तर मनाया। इस मौके पर शहर सहित जिलाभर के मस्जिदों व ईदगाहों में मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की नमाज अदा कर खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना की। ईद की नमाज अदा करने के उपरांत समाज के लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी। वहीं, ईद को लेकर लोगों के घरों में लजीज व्यंजन बनाये गये। जिसका समाज के लोगों ने सपरिवार लुत्फ उठाया। इसके अलावे लोगों ने अपने मित्रों और करीबी लोगों को ईद के अवसर पर उपहार भी दिया। जिला के रामगढ़, गोला, चितरपुर, जरियो, दुलमी, भुरकुंडा, कुजू, पतरातू आदि स्थानों पर ईद उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।

## बरही में शांतिपूर्ण तरीके से पढ़ी गई ईद की नमाज

**बरही ।** ईद का नमाज शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए बरही पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा ।प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त कर स्थिति पर निगरानी किया जा रहा था । नमाज स्थल पर पुलिस मौजूद थे ।इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार स्वयं क्षेत्र में लगातार गश्ती कर रहे थे ।इस दौरान उन्होंने नमाजियों से मिलकर उन्हें ईद की शुभकामनाएं और बधाई भी दी । बरही पश्चिमी मुखिया मो शमशेर आलम को भी ईद की मुबारकबाद देते हुए शांतिपूर्ण ईद मनाने के लिए शुभकामनायें दी । मुखिया ने कहा कि पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधि और प्रबुद्धजनों के सहयोग से बरही में होली, दशहरा या ईद, मुहर्रम जैसे त्योहार शांतिपूर्ण मनाया जाता रहा है ।यहां के लोग अमन और शांति पसंद है। जो आपसी सद्भाव और सहयोग के साथ एक दूसरे के साथ मिलकर रहने में विश्वास करते है।



## भाअजामो ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**रामगढ़।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा रामगढ़ द्वारा 22 अप्रैल को सामाजिक समरसता कार्यक्रम के तहत रामगढ़ सदर हॉस्पिटल ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा तय किये गए रक्तदान कार्यक्रम के तहत पूरे देश में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उसी को लेकर रामगढ़ में भी अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष विनोद कुमार राम के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांके के पूर्व विधायक और मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री डॉ जीतू चरण राम, मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रंजन पासवान, युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मीडिया प्रभारी सूरज पासवान, गोला के मंडल अध्यक्ष राम कुमार नायक,आरा मंडल अध्यक्ष तेजू रविदास, सुरेंद्र रविदास मौजूद थे। कार्यक्रम में जिले के सभी क्षेत्र से आकर लोगों ने रक्तदान किया। जिसमें रामगढ़ कैंट मंडल से देव कुमार, मांडू से सावित्री देवी, गोला से राजेश कुमार महतो, बाल गोविंद महतो, त्रिपुरारी महतो आदि लोगों ने रक्तदान किया।

## भाकपा अंचल कमेटी की बैठक

**कोडरमा।** भाकपा अंचल कमेटी कोडरमा की शनिवार को श्यामली पब्लिक स्कूल लरियाडीह में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विगत कार्यक्रमों की कार्य रिपोर्ट अंचल मंत्री रामेश्वर यादव ने प्रस्तुत की। बैठक का संचालन अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक ने किया। बैठक में भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि आजादी के बाद 1958 में पॉलिटेक्निक कॉलेज की कोडरमा में स्थापना की गई थी। आज सरकार पॉलिटेक्निक कॉलेज को गोहाल में स्थानांतरित कर रही है जो इस क्षेत्र के लिए एवं बच्चों के लिए दुर्भाग्य है। कोडरमा में रेल मार्ग, एनएचआई तथा मेडिकल सुविधा, पुलिस स्टेशन वगैरह मौजूद है, लेकिन गोहाल में यह सब स्थापित होने में वर्षों लग जाएगा। साथ ही सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज जो निमार्णाधीन है, इसको भी पीपीपी मॉडल के तहत निजीकरण कर दिया गया। भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि भाकपा जिला परिषद हर अन्याय के खिलाफ निरंतर संघर्ष करता रहा है। इसी कड़ी में पॉलिटेक्निक कॉलेज को स्थानांतरित करने, इंजीनियरिंग कॉलेज को प्राइवेट करने के सरकार के फैसले के खिलाफ 25 अप्रैल को जिला समाहरणालय के समक्ष विशाल धरना का कार्यक्रम किया जाएगा। अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक ने कहा कि राज्य सरकार अगर फैसला नहीं बदलती है तो नौजवान संघ कोडरमा जिला में शिक्षा के निजीकरण के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन खड़ा करेगी।

## युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

**कोडरमा।** जिले के सतगावां थाना क्षेत्र के सकरी नदी स्थित माधोपुर पुल से 500 मीटर दूर नदी में बालू से ढका युवक का शव शनिवार को बरामद किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की शिनाख्त माधोपुर ग्राम निवासी मनोज शर्मा (35) के रूप में की गई है। बताया जाता है कि मनोज शर्मा की बासोडीह बाजार में सैलून की दुकान है। बीती रात सैलून बन्द करके घर के लिए निकला था, लेकिन घर नहीं पहुंचा। सतगावां थाना प्रभारी आनंद कुमार साह ने घटनास्थल का जायजा लिया, जहां से दो गमछा बरामद हुआ है। पुलिस को आशंका है कि मनोज की हत्या की गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## कोडरमा में प्रकाश पर्व मनाया गया

**कोडरमा।** श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा में सिखों के दूसरे गुरु अंगद देवजी का 519वां प्रकाश पर्व मनाया गया। इस अवसर पर विशेष दिवान सजाया गया। साथ ही रहिरास साहिब का पाठ आरती सिमरन किया गया। इसके बाद ज्ञानी राजा सिह, अमरजीत, इंद्रजीत कौर, जयवीर, सोनिया कौर ने संगत को निहाल किया। मौके पर उपस्थित समाज के सचिव यशपाल सिंह गोल्डन ने बताया कि गुरु साहिब का जन्म 1504 ई. में हुआ था। समुह दीवार खत्म होने के बाद चाय-नाश्ते की प्रबंध किया गया।

## सनातनियों ने मनाया परशुराम जन्मोत्सव



**बरही ।** शनिवार को पश्चिमी प्रखंड के बरहीडीह स्थित सूर्यमंदिर में परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया । इस अवसर पर भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित और दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना की गई । भगवान परशुराम के विचारो का आदान प्रदान किया गया और उनके जीवनी पर चर्चा किया । उपस्थित लोगो ने उनके आदर्शो पर चलने के शपथ लिए गए । इस अवसर पर सुरेश शर्मा, रतन कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार पांडे, पप्पू शर्मा, अरविंद पांडे, सुमित शर्मा, सुरेश शर्मा, प्रदुमन शर्मा, अजय पांडे, प्रिंस शर्मा आदि सहित कई लोग उपस्थित थे ।

## अक्षय तृतीया पर भगवान आदिनाथ स्वामी का किया गया जलाभिषेक



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
श्री दिगंबर जैन मंदिर रामगढ़ में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी का स्वर्ण कलश से जलाभिषेक किया गया। जैन धर्म की मान्यता के अनुसार भगवान आदिनाथ स्वामी ने 1 वर्ष की तपस्या करने के बाद वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की तृतीय तिथि र्थात अक्षय तृतीया के दिन इक्षु रस (गन्ना रस) से अपनी तपस्या का पारण किया था। इसी कारण जैन समुदाय में इस दिन का विशेष महत्व है। इस मौके पर भगवान आदिनाथ स्वामी की मूलनायक प्रतिमा पर स्वर्ण कलश से अभिषेक करने का सौभाग्य शकुंतला देवी, पंकज कुमार सेठी को प्राप्त हुआ। पांडू शीला पर विराजमान भगवान आदिनाथ स्वामी का स्वर्ण कलश से अभिषेक करने का सौभाग्य इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल एवं ललित चूड़ीवाल सपरिवार को प्राप्त हुआ। वहीं, शांतिधारा करने का सौभाग्य पंकज कुमार सेठी एवम ललित चूड़ीवाल को मिला। श्री दिगंबर जैन समाज रामगढ़ की ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए आम राहगीरों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था जैन मंदिर के बाहर प्रांगण में की गई ।मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन पाटनी ,सचिव नागरमल गंगवाल, मन्दिर मंत्री देवेंद्र गंगवाल, पदमचंद छाबड़ा, रमेश सेठी, विनोद जैन, राजु पाटनी, महावीर प्रसाद गंगवाल आदि उपस्थित थे।

## कोडरमा में मनायी गयी परशुराम जयंती

**कोडरमा।** कोडरमा में सर्व ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में शनिवार को नगर परिषद वार्ड नंबर 21 गुमो में भगवान परशुराम की जयंती मनायी गयी। इस दौरान विधि विधान से पूजन व हवन किया गया. मौके पर मौजूद आचार्य जयराम शास्त्री ने बताया कि भगवान परशुराम एक मात्र ऐसे विष्णु के अवतार हैं, जो आज भी जीवित हैं। दक्षिण भारत के उडुपी के पास परशुराम जी का बड़ा मंदिर है। कल्कि पुराण के अनुसार, जब कलयुग में भगवान विष्णु के 10वें अवतार कल्कि अवतरित होंगे, तो परशुराम जी ही उनको अस्त्र-शस्त्र में पारंगत करेंगे। जजमान के रूप में कामेश्वर पांडेय, सौरभ पांडेय ने पूजा अर्चना की। रविवार यानि 22 अप्रैल की सुबह हवन व आरती होगी साथ ही चार बजे से नगर भ्रमण को लेकर शोभा यात्रा निकाली जायेगी। मौके पर समिति के अध्यक्ष त्रिवेणी पांडेय, अशोक पांडेय, भारत लाल पांडेय, संजय पांडेय, आत्मानंद पांडेय, राजीव रंजन शुक्ला आदि उपस्थित थे।

# बरकट्ठा में तीन दिवसीय देवी पाठ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत अडवार स्थित देवी मंडप में तीन दिवसीय देवी पाठ को लेकर भव्य कलशयात्रा निकाला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद,पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव शामिल हुए। देवी मंडप से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकलकर नगर भ्रमण करते हुए कुंडीलवा घाट, काली मंदिर होते हुए सात घाटों का जल भरकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश को देवी मंडप में स्थापित किया गया। मौके पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि भक्ति में अपार शक्ति होती है। लोगों को नियमित पूजा अर्चना करना चाहिए। वहीं बसंत साव ने कहा कि पूजा पाठ से वातावरण का शुद्धिकरण होता है। कलशयात्रा में अध्यक्ष रामखेलावन यादव, उपाध्यक्ष जीवलाल साव, त्रिलोकी साव, अधिवक्ता संदीप कुमार, इंद्रदेव मोदी, उपेन्द्र यादव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मधुलाल दास, सहदेव नायक, किशोर साव, अयोध्या यादव,लक्ष्मण यादव, शिवलाल ठाकुर, राजेंद्र मोदी, विजय यादव समेत आदि लोग शामिल थे।

**आस्था**

### दिगंबर जैन समाज ने मनाया अक्षय तृतीया पारणा महोत्सव

# अक्षय तृतीया जैन धर्मावलंबियों का महान धार्मिक पर्व



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर हजारीबाग दिगम्बर जैन समाज के लोगों ने श्री 1008 आदिनाथ भगवान की वेदी के सामने दोनों दिगंबर जैन मंदिरों में अभिषेक व शांतिधारा कार्यक्रम आयोजित किया। दोनों मंदिरों में प्रातः मंदिर की तीन फेरियां लगाई गईं। अक्षय तृतीया के इस पवित्र दिवस पर दिगम्बर जैन समाज ने सभी को मंगल शुभकामनाएं दी। दोनों मंदिरों के बाहर भक्तों को गन्ने का रस पिलाया गया। मीडिया प्रभारी विजय लुहाड़िया ने बताया कि प्रतिवर्ष वैशाख शुक्ल तृतीया को अक्षय तृतीया पर्व अत्यंत हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाता है। जैन धर्म के इतिहास में अक्षय तृतीया पर्व का विशेष महत्व है। अक्षय तृतीया जैन धर्मावलंबियों का महान धार्मिक पर्व है। यह पर्व प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ से संबंधित है। भगवान आदिनाथ दीक्षोपरांत मुनि मुद्रा धारण कर छह माह मौन साधना करने के बाद प्रथम आहारचर्या के लिए निकले, किन्तु मुनियोचित आहार-विधि के अभाव होने से वे सात माह तक निराहार रहे। जब वे एक बार आहारचर्या के लिए हस्तिनापुर पधारे, तो उन्हें देखते ही राजा श्रेयांस को पूर्वभव स्मरण हो गया और उन्होंने मुनिराज को नवधाभक्ति पूर्वक इक्षु रस का शुद्ध आहार दिया। जिस दिन भगवान ऋषभ देव का प्रथमाहार हुआ था उस दिन वैशाख शुक्ल तृतीया थी। भगवान की ऋद्धि तथा तप के प्रभाव से राजा श्रेयांस की रसोई में भोजन अक्षीण (कभी खत्म ना होने वाला), अक्षय हो गया था और यह पवित्र दिन ,अक्षय तृतीया के रूप में एक महापर्व के नाम से लोक में प्रसिद्ध हो गया एवं राजा श्रेयांस को दान के प्रथम प्रवर्तक के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त हुई और संसार में दान देने की प्रथा इस आहार दान के पश्चात ही प्रचलित हुई। उन्होंने कहा अक्षय पुण्य प्रदायिनी, दान तीर्थ प्रवर्तिनी, इस अक्षय तृतीया पर साधुवर्ग के निमित्त आहार दान देने से उत्तम भोगभूमि और सातिशय पुण्य की प्राप्ति होती है।

# मुआवजे के लिए रैयत लगा रहे भू अर्जन कार्यालय का चक्कर




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
एनएच चौड़ीकरण में तिलैया रोड के कुछ रैयतों को अबतक मुआवजे की भुगतान नहीं की गई है । उक्त आरोप भुक्तभोगी मनोज केसरी ने लगाई । उन्होंने बताया कि पहले तो एनएचआई के द्वारा नियमो को ताक पर रखकर जमीन अधिग्रहण किया गया । अधिग्रहण में भी कई अनियमितताएं बरती गई ।मुआवजा भुगतान के लिए जमीन की प्रकृति को ही बदल दिया गया । मुआवजे राशि के भुगतान में मनमर्जी करते हुए रैयती जमीन को गैरमाजरुआ बना दिया गया ।इतना ही नहीं कई स्थानों पर मापी से अधिक जमीन अधिग्रहण किया गया ।इस संबंध में अधियारियों से लेकर जनप्रतिंनिधियो और मंत्रियों तक भी शिकायत की गई परंतु कोई समाधान नहीं हुआ ।उन्होंने बताया की एनएचएआई के अनुसार मुआवजा राशि भू अर्जन कार्यालय को दिया जा चुका है । परंतु भू अर्जन जिला पदाधिकारी बिनोद सिंह के अनुसार मुआवजा राशि समय से नही लेने के कारण कोर्ट को सुपुर्द किया जा चुका है । भुक्तभोगी अब इस कोर्ट से प्रपात कर सकते है । जबकि इस संबंध में डीएलओ कोई भी साक्ष्य नहीं प्रस्तुत करते है ।कोर्ट के अनुसार को राशि अब तक कोर्ट में जमा नही हुई है ।इसे संबंधित कार्यालय ही भुगतान करेगे । अब भुक्तभोगी की स्थिति किंकर्तव्यमविमुढ जैसी हो गई है और पूरी तरह हराश हो चुके है ।न्याय के लिए सभी जगह चक्कर लगा रहे है ।परंतु कही से भी न्याय नहीं मिल पा रहा है । उन्होंने सरकार तथा संबंधित पदाधिकारियों से मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित न्याय की गुहार लगाई है ।

